बिहार में पोटाश एवं क्रोमियम-निकेल के खनन को मंज़ूरी मिली

drishtiias.com/hindi/printpdf/potash-and-chromium-nickel-mining

चर्चा में क्यों?

हाल ही में बिहार के औरंगाबाद और गया ज़िले में पोटाश तथा रोहतास ज़िले में क्रोमियम एवं निकेल के खनन के लिये भारत सरकार ने बिहार सरकार को मंज़ूरी दी है।

प्रमुख बिंदु

- हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित खनिजों की खोज पर आधारित उच्चस्तरीय बैठक में बिहार को खनन के लिये चार ब्लॉक आवंटित किये गए हैं।
- इन चार ब्लॉक में से औरंगाबाद एवं गया ज़िले के लिये पोटाश के एक-एक ब्लॉक तथा रोहतास ज़िले के लिये क्रोमियम एवं निकेल के एक-एक माइनिंग ब्लॉक आवंटित किये गए हैं।
- इन तीन खनिजों के चार ब्लॉकों की नीलामी की जाएगी। इससे बिहार में रोज़गार सृजन के साथ अर्थव्यवस्था भी मज़बूत होगी और बिहार खनिज भंडार वाले राज्यों की श्रेणी में आ जाएगा।
- पोटाश के द्वारा बिहार के खाद उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। इसी प्रकार क्रोमियम एवं निकेल आधारित इस्पात उद्योगों के लिये तैयार होने वाले उत्पादों की शृंखला विकसित हो सकेगी।
- उल्लेखनीय है कि हाल ही में भारत सरकार ने पुष्टि की थी कि बिहार के औरंगाबाद एवं गया ज़िले में पोटाश तथा रोहताश ज़िले में क्रोमियम एवं निकेल के भंडार भारी मात्रा में उपलब्ध हैं।